हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार 25 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 9.2 डिग्री

12 कर्मचारियों पर जबरन सहमति का दबाव बना रहे अफसर



12 कैमल आर्ठ पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया हुनर



**खबर संक्षेप**

### गारमेंट शॉप के गल्ले से 13 हजार रुपये चोरी

**यमुनानगर।** जगाधरी के मटका चौक के पास स्थित मित्तल गारमेंट की दुकान के गल्ले से 13 हजार आठ सौ रुपये चोरी हो गए। पुलिस ने दुकान संचालक की शिकायत पर एक व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जगाधरी की श्याम सुंदर पुरी कॉलोनी निवासी प्रियांशु मित्तल ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी मटका चौक के पास मित्तल गारमेंट के नाम से कपड़ों व जूतों की दुकान है। 21 फरवरी को दोपहर एक बजे वह किसी काम से दुकान बंद करके बाहर गया था।

### दस हजार के काजू और बादाम लेकर युवक फरार

**अंबाला।** अंबाला शहर के दाल बाजार में अशोका जनरल स्टोर से दो युवक 10 हजार रुपये के काजू, बादाम गिरी व अन्य सामान लेकर भाग गए। दुकानदार नवीन गोयल का आरोप है कि युवकों ने भरोसा दिलाया था कि वह पैसे ऑनलाइन ट्रांसफर कर रहे हैं लेकिन बिना भुगतान किए ही चकमा देकर निकल गए। उनके जाने के बाद ठगी का पता चला। इस वारदात के समय एक युवक तीन दुकानें छोड़कर आगे बाइक पर खड़ा था। दूसरे ने आकर सामान पैक करवाया था। अंबाला शहर थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि दुकानदार नवीन गोयल की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### टायर फैक्ट्री आग मामले में एक की मौत और तीन गंभीर

**करनाल।** मधुबन थाना क्षेत्र के कैरवाली गांव में टायर पिघलाकर फर्नेस ऑयल बनाने वाली 'बजरंग इंडस्ट्रीज' फैक्ट्री में एक जोरदार धमाका हुआ, जिसमें चार मजदूर बुरी तरह झुलस गए. इस हादसे में उत्तर प्रदेश निवासी रामावध की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायलों का उपचार रोहतक में चल रहा है, जिनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। यह हादसा 21 फरवरी को दोपहर करीब 12 बजे हुआ. रिएक्टर मशीन में करीब 8 टन टायर डालकर उन्हें 370 डिग्री सेल्सियस तक गर्म किया जा रहा था।

## मचान से गिरकर राजमिस्त्री की मौत दो बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

**करनाल।** करनाल के नरुखेड़ी गांव में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां दूसरी मंजिल पर काम कर रहे एक राजमिस्त्री की नीचे गिरने से मौत हो गई. मृतक की पहचान 42 वर्षीय राकेश कुमार के रूप में हुई है, जो जोंधला के रहने वाले थे। जानकारी के अनुसार, सोमवार को राकेश नरुखेड़ी गांव में एक मकान की दूसरी मंजिल पर पैड (मचान) बांधने का काम कर रहे थे. इसी दौरान अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और पैर फिसलने के कारण वे सीधे कंक्रीट की जमीन पर आ गिरे. हादसे के तुरंत बाद उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन रात को इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया. मृतक के चचेरे भाई तेजबीर ने बताया कि राकेश ही परिवार के मुख्य कमाने वाले सदस्य थे. उनके पीछे उनकी पत्नी और दो बच्चे (एक लड़का और एक लड़की) हैं, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है. सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# होलिका पर भद्रा व चन्द्रग्रहण का साया, 4 को खेलें रंगों की होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



होलिका दहन और रंगों की होली पर अबकी बार खग्रास चंद्रग्रहण होने के कारण तिथि और समय को लेकर लोगो में असमंजस की स्थिति बन रही है जिसको लेकर गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के संचालक डॉ रामराज कौशिक से बातचीत की। उन्होंने बताया कि वैदिक पंचांग के अनुसार 2 मार्च सोमवार को चतुर्दशी तिथि शाम 5:18 बजे तक रहेगी, उसके तुरंत बाद पूर्णिमा तिथि शुरू हो जाएगी। शास्त्रों का नियम है कि होलिका दहन हमेशा पूर्णिमा तिथि में ही किया जाता है, लेकिन इस बार पूर्णिमा के साथ ही भद्रा का आगमन भी हो रहा है.जिसमें भद्रा का लंबा साया 2 मार्च की शाम 5:18 बजे से लेकर पूरी रात और अगले दिन 3 मार्च की भोर (सुबह 4:56 बजे) तक भद्रा का वास रहेगा। शास्त्रों में भद्रा काल में होलिका दहन वर्जित माना गया है, क्योंकि इससे राज्य और व्यक्ति पर अशुभ प्रभाव पड़ते हैं। ऐसी स्थिति में जब पूरी रात भद्रा हो, तो शास्त्रों में भद्रा पुच्छ (भद्रा का पूंछ वाला भाग) में कार्य करने का विधान है। इस साल दहन का सबसे शुभ समय और शुभ मुहूर्तः रात 12:50 बजे से रात 02:02 बजे तक अवधिः 1 घंटा 12 मिनट इसी समय में दहन करना शास्त्रीय दृष्टि से सबसे उत्तम और शुभ माना जाता है यदि पूर्णिमा पर चंद्रग्रहण हो तो उससे पूर्व रात्रि में भद्रारहित समय में होलिका दहन करना चाहिए। ज्योतिषाचार्य के अनुसार निर्णयसिन्धु में कहा है कि पूर्णिमा को ग्रहण हो तो उससे पूर्वरात्रि में जिस समय भद्रा न हो उसमें होलिका का दहन करें।

### होली पर चंद्र ग्रहण का साया

3 मार्च मंगलवार को पूर्णिमा तिथि के दिन ही साल का पहला चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है। यह ग्रहण भारत के कई हिस्सों में दिखाई देगा, इसलिए इसका धार्मिक प्रभाव (सूतक) भी पूरे देश में मान्य होगा भारतीय समय के अनुसार, यह ग्रहण दोपहर लगभग 03:20 बजे से शाम 06:47 बजे तक रहेगा। इस ग्रहण के दौरान ब्लड मून का नजारा भी देखने को मिल सकता है।

**सूतक काल और नियम-** चंद्र ग्रहण का सूतक ग्रहण शुरू होने से 9 घंटे पहले लग जाता है। इसका मतलब यह है कि 3 मार्च को सुबह 06:20 बजे से ही सूतक लग जाएगा। सूतक लगते ही मंदिरों के कपाट बंद हो जाएंगे। इस दौरान पूजा-पाठ, मूर्ति स्पर्श और खाना-पीना वर्जित होता है। सूतक और ग्रहण के साये में ह्होली का दहन या रंग-गुलाल खेलना अशुभ माना जाता है, इसलिए 3 मार्च को रंग वाली होली नहीं मनाई जाएगी।

### 4 मार्च को रंगों की होली

3 मार्च की शाम को ग्रहण खत्म होने के बाद शुद्धिकरण और स्नान किया जाएगा। इसके अगले दिन, यानी 4 मार्च 2026 बुधवार को सूर्योदय के समय चैत्र कृष्ण प्रतिपदा तिथि रहेगी। शास्त्रीय मयार्दा के अनुसार, ग्रहण और सूतक से मुक्त होने के बाद इसी दिन पूरे देश में धूम-धाम से धुलेंडी और रंगों का त्योहार मनाया जाएगा।

### होली 2026 पूरा कैलेंडर

- 2 मार्च (सोमवार): होलिका दहन -रात 12:50 बजे से 02:02 बजे तक
- 3 मार्च (मंगलवार): चंद्र ग्रहण - दोपहर 03:20 बजे से शाम 06:47 बजे तक
- 3 मार्च (मंगलवार): सूतक काल -सुबह 06:20 बजे से शुरू
- 4 मार्च (बुधवार): रंग वाली होली -सुबह से (धुलेंडी का असली दिन)

## अमेरिका के साथ किसान विरोधी व्यापार समझौता रद्द करने की मांग

# किसान संगठनों का धरना जारी, धरना स्थल पर ही किसानों ने गुजारी रात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के बैनर तले विभिन्न किसान संगठनों का जिंदल चौक के समीप धरना दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रहा। प्रदेश के 10 अलग-अलग किसान संगठनों ने हरियाणा किसान-मजदूर संघर्ष मोर्चा के बैनर तले मुख्यमंत्री आवास से कुछ पहले जिंदल चौक से सेक्टर दो की ओर जाने वाली सड़क को अपने आंदोलन का केंद्र बना लिया है। यहां सैकड़ों की संख्या में किसान अपनी मांगों के लिए तीन दिन के लिए पड़ाव पर हैं। पड़ाव का बुधवार को समापन होगा। हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा ने फसल का मुआवजा तुरंत दिए जाने और अमेरिका के साथ किसान विरोधी व्यापार समझौता रद्द करने सहित अन्य मांगों को लेकर 23 से 25 फरवरी तक सीएम आवास के घेराव का ऐलान किया था। किसानों ने सोमवार को दिन में नारेबाजी की और जब रात हुई तो इसी सड़क को ही अपना घर बना लिया। खुले आसमान के नीचे, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों व अन्य वाहनों में ही किसानों ने रात गुजारी।





कुरुक्षेत्र। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते किसान तथा रात को धरने पर बैठे किसान।

### किसानों ने भजन-कीर्तन और लोकगीत गाए

सड़कों पर ही खाना पकाया और रातभर किसानों ने भजन-कीर्तन और लोकगीत गाए। किसानों का नेतृत्व भाकियू शहीद भगत सिंह के अध्यक्ष अमरजीत सिंह मोहड़ी, जगदीप सिंह ओलख, प्रिंस वड़ैच, बहादुर मेहला, संजू नंबरदार, संजीव आलमपुर, मंदीप नथवान, लखविंद्र ओलख, उम्मेद लोहान, अशोक बल्हारा, जगबीर कसौला ने किया। किसानों के लिए रातभर भोजन व चाय की व्यवस्था की गई। किसाान नेता लखविंदर सिंह औलख ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ घोषित मुक्त व्यापार समझौते की आलोचना करते हुए इसे किसानों के लिए /"मौत का फरमान/" बताया और इसे रद्द करने की मांग की। संगठन ने कर्ज में डूबे किसानों और कृषि श्रमिकों के ऋणों को पूरी तरह माफ करने की भी मांग की, उनका कहना था कि कम फसल कीमतों और सरकार की दोषपूर्ण नीतियों के कारण कई लोग कर्ज में डूब गए हैं। अन्य मांगों के साथ-साथ, समूह ने फसल की कीमतों को निर्धारित करने के लिए स्वामीनाथन आयोग के सी2+50 प्रतिशत फामूर्ले को लागू करने और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की कानूनी गारंटी की मांग की। इसने प्रस्तावित बिजली कानून और बीज विधेयक को वापस लेने की भी मांग की। संगठन ने राज्य सरकार से पूर्व घोषित एमएसपी पर 23 फसलों की खरीद सुनिश्चित करने और धान की खरीद में अनियमितताओं में कथित रूप से शामिल अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आग्रह किया।

### हरियाणा के राज्यपाल को राष्ट्रपति के नाम 26 मार्च को सौंपा जाएगा मांग पत्र

किसानों ने शाम को कैंडल मार्च निकालकर अपना रोष जाहिर किया। किसान नेता अमरजीत सिंह ने कहा कि किसान संगठन मुख्यमंत्री से मिलने आए थे लेकिन शायद मुख्यमंत्री मिलना नही चाहते है। प्रशासन ने मुख्यमंत्री आवास तक पहुंचने से पहले ही बैरिकेडिंग कर दी। एक तरफ तो मुख्यमंत्री कहते है कि उनके दरवाजे हर समय खुले है लेकिन दूसरी ओर मुख्यमंत्री से मिलने आए किसानों को रोका जा रहा है। उनकी मांग है कि ट्रेड डील को रद्द किया जाए, कर्जा मुक्ति, बुढापा पेंशन जो काटी गई है उसे दोबारा जोड़ा जाए। इन सभी मुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री उनके बातचीत करे। अमरजीत सिंह का कहना है कि 26 मार्च को चंडीगढ़ में किसान भवन में सेमिनार होगा और सेमिनार के बाद राज्यपाल को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपा जाएगा।

## खुले में मीट काट कर गंदगी फैलाने वाले आठ दुकानदारों के काटे चालान



यमुनानगर। रादौर रोड पर जोडियो गुरुद्वारा के पास खुले में मीट काट गंदगी फैलाने वालों के चालान काटते हुए निगम की टीम।

- नगर निगम की टीम ने रादौर रोड पर जोडियों गुरुद्वारा साहिब के पास की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

नगर निगम की टीम ने रादौर रोड पर जोड़यिो गुरुद्वारा साहिब के पास खुले में मीट काटकर गंदगी फैला रहे आठ दुकानदारों के चालान किए हैं। इसके साथ ही दुकानदारों का सामान भी जब्त किया गया है। उपायुक्त कम नगर निगम आयुक्त प्रीति व अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार के निर्देशों पर यह कार्रवाई की गई।

सफाई निरीक्षक सुशील शर्मा ने बताया कि रादौर रोड पर जोड़यिो गुरुद्वारा के समीप लंबे समय से सड़क किनारे खुले में मीट बेचे जाने की शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों के आधार पर निगम आयुक्त के निर्देशों पर उनके नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। उन्होंने होमगार्ड के जवानों के साथ मिलकर मौके पर कार्रवाई की। उनकी टीम ने मौके पर जांच करते हुए नियमों का उल्लंघन कर रहे आठ मीट विके्रताओं के चालान काटे तथा अवैध रूप से रखे गए मीट और अन्य सामान को जब्त किया।

### अतिक्रमण से यातायात हो रहा प्रभावित

कार्रवाई के दौरान यह भी पाया गया कि अधिकतर विक्रेताओं ने सड़क किनारे अस्थायी खोखे और ठेलों के माध्यम से अतिक्रमण कर रखा था। सड़क किनारे व धार्मिक स्थल के पास ऐसा किया जा रहा था। इससे यातायात भी बाधित हो रहा था और आम नागरिकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस दौरान उनकी टीम ने मौके पर ही अतिक्रमण हटवाया और सभी मीट विक्रेताओं के खोखों को सड़क से काफी पीछे हटवाकर निर्धारित सीमा में कराया। उन्होंने विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि भविष्य में किसी भी सूरत में सड़क पर अतिक्रमण कर व्यवसाय न किया जाए तथा खाद्य सुरक्षा व स्वच्छता के नियमों का पूरी तरह पालन किया जाए। उन्होंने बताया कि मीट के लिए सरेआम जानवरों को काटना जुर्म है। इसके लिए मापदंड तय हैं लेकिन कोई भी दुकानदार इन मानदंडों का पालन नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि जानवरों को काटने के बाद दुकानदार उनका खून व कई अंग खुले में फेंक देते हैं। इससे न केवल गंदगी फैलती है बल्कि कई भयानक बीमारियों को भी विस्तार मिलता है।

## कॉलोनियों के अवैध निर्माण को ढहाया

- कालोनी वैद होने का झांसा देकर लोगों को बेच रहे प्लाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

जिला नगर योजनाकार के दस्ते द्वारा अर्बन एरिया साहा में अवैध रूप से विकसित की जा रही 2 अवैध कालोनियों में तोड़-फोड़ की। कार्रवाई के दौरान गांव वजीदपुर सब में लगभग 2.25 एकड़ तथा गांव महमूदपुर व गांव मलिकपुर में लगभग 10.825 एकड़ में अवैध रूप से विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों में बनी हुई सडक़ों के जाल तथा नीवों को पूर्ण रूप से ध्वस्त कर दिया गया। मौका पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट कम जिला नगर योजनाकार - रोहित चौहान, कनिष्ठ अभियंता गुरजिंद्र, क्षेत्रान्वेषक रविंद्र व पुलिस बल के साथ उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने आमजन से अपील की है कि भूमालिक एवं प्रॉपर्टी डीलर अवैध कॉलोनियों के रेगूलर होने का झांसा देकर लोगों को प्लाट बेच रहे हैं। उन्होंने सभी लोगों को सूचित किया कि इस प्रकार की किसी भी कॉलोनी में कोई प्लाट न खरीदें। इन अवैध कॉलोनियों में प्लाट की खरीद फरोख्त पूरी तरह से गैरकानूनी है। उन्होंने लोगों से यहां किसी भी प्रकार का निर्माण न करने के प्रति चेताया। कहा कि अगर किसी ने चेतावनी के बावजूद इन कॉलोनियों में निर्माण किया तो उसे ध्वस्त कर दिया जाएगा।



अंबाला। अवैध कॉलोनियों में हुए निर्माण को ढहाती जेसीबी।

## छात्रों ने शिक्षक का इंस्टाग्राम पर बनाया फर्जी अकाउंट, फिर एआई से बना दिए मीम

- सोशल मीडिया पर इज्जत नीलाम होने पर शिक्षक ने पुलिस को दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों ने एक शिक्षक को चक्कर में फंसा दिया है। इज्जत बचाने के लिए परेशान होकर शिक्षक को पुलिस की मदद लेनी पड़ी। दरअसल कुछ समय पहले अंबाला के एक स्कूल में पढ़ने वाले कुछ बच्चों ने इंस्टाग्राम पर फर्जी अकाउंट बनाकर अपने ही शिक्षकों के एआई तकनीकि से मीम बना दिए। जो शिक्षक उन्हें परेशान करना उसके ही वह मीम तैयार कर देते। इसकी शिकायत जब प्रबंधन ने साइबर क्राइम से की तो बच्चों को चिन्हित कर लिया है।

जब पुलिस ने अपने तरीके से पूछताछ की तो बच्चों ने गलती स्वीकार कर ली। हालांकि बच्चों को माफ कर दिया गया। मगर इस अपराध के सामने आने से अंबाला के निजी स्कूल संचालकों में खलबली मच गई है। फोन नंबर नहीं दिखाई देता स्कूली छात्रों ने निजी स्कूल के नाम से मिलती जुलती फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर इस काम को किया। इस अपराध को करने के लिए एक दोस्त का फोन इस्तेमाल किया गया तो दूसरे दोस्त का सिम कार्ड रहा।

## जिला नगर योजनाकार विभाग का तीन अवैध कॉलोनियों पर चला पीला पंजा

- गोबिंदपुरी में दो एकड़, तेजली में दो एकड़ व चांदपुर में पांच एकड़ में विकसीत की जा रही थी अवैध कॉलोनियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा शहरी क्षेत्र में करीब नौ एकड़ में विकसीत की जा रही तीन अवैध कॉलोनियों पर पीला पंजा चला है। इस अवैध कॉलोनियों में मौजा गोबिंदपुरी, तेजली व चांदपुर शामिल है। मौके पर किसी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। नगर योजनाकार राजेश कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गोबिंदपुरी में दो एकड़, तेजली में दो एकड़ व चांदपुर में पांच एकड़ में अवैध कॉलोनियां विकसीत की जा रही है। सूचना मिलने के बाद अवैध कॉलोनियां काटने वाले लोगों को नोटिस जारी किया गया। मगर उनका कोई उत्तर नहीं आया। जिसके बाद उपायुक्त प्रीति के आदेशानुसार अवैध कॉलोनियों को ढाहने की कार्रवाई की गई। मौके पर क्षेत्रान्वेषक रवि दत्त और बीएओ जगाधरी संतोष कुमार को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए थे। इसके साथ ही पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा। इसके बाद अवैध कॉलोनियों में बनी पक्की सड़कें, नीवें व प्लाटों की निशानदेही को तोड़ा गया।



यमुनानगर। विकसीत की जा रही अवैध कॉलोनियों को जेसीबी की सहायता से तोड़ फोड़ करते अधिकारी।

## पोक्सो एक्ट के आरोपी को सुनाई 5 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक स्पैशल कोर्ट बलात्कार व पोक्सो एक्ट केस) की अदालत ने पोक्सो एक्ट के आरोपी विशाल वासी लाडवा जिला कुरुक्षेत्र को 5 साल कठोर कारावास व 55 हजार रुपए जुमार्नें की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी ने बताया कि पुलिस को दी अपनी शिकायत में थाना लाडवा एरिया वासी एक महिला ने बताया कि उसके 3 बच्चे हैं। सबसे बड़ी नाबालिग लड़की सरकारी स्कूल में कक्षा 9 में पढती है। दिनांक 14 अक्टूबर 2023 को उसकी नाबालिग लडकी स्कूल गई थी जहां पर उसे पता चला कि स्कूल की छुट्टी है। उसकी लड़की वापस घर आ रही थी। रास्ते में विशाल वासी लाडवा मिला जिसने उसकी लड़की के साथ छेड़छाड़ की तथा उसे कार में बैठने के लिए कहा। लड़की के शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। जिसकी शिकायत पर थाना लाडवा में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके जांच उप निरीक्षक कमलेश कुमारी द्वारा की गई।

### परीक्षा के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के जारी किए आदेश

# परीक्षा केंद्रों के नजदीक फोटोस्टेट व्यवसाय पर रहेगा प्रतिबंधः प्रीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा जिला में सैकेंडरी, सीनियर सैकेंडरी (शैक्षिक मुक्त विद्यालय) वार्षिक परीक्षा एवं डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष (रि.अपीयर) परीक्षा फरवरी,मार्च-2026 जिला यमुनानगर के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। उक्त जानकारी जिलाधीश प्रीति ने दी।

जिलाधीश प्रीति ने बताया कि सैकेंडरी (नियमित,अपीयर,मुक्त विद्यालय) की परीक्षा 26 फरवरी से 20 मार्च तक दोपहर साढ़े बारह बजे से शाम साढ़े तीन बजे तक होगी। वहीं, सीनियर सैकेंडरी (नियमित,अपीयर मुक्त विद्यालय) की परीक्षा बुधवार से एक अप्रैल तक दोपहर साढ़े बारह बजे से शाम साढ़े तीन बजे तक होगी। जबकि डीएलएड प्रथम वर्ष (रि.अपीयर) की परीक्षा 26 फरवरी से 20 मार्च तक दोपहर 12.30 बजे से शाम 3.30 बजे तक होगी। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षाओं को सुचारू रूप से संचालित करवाने के उद्देश्य से विशेष प्रबंध किए हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा केन्द्रों के नजदीक आवश्यकता अनुसार पुलिस सहायता उपलब्ध करवाने तथा बाहरी हस्तक्षेप को रोकने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के आदेश जारी किए गए हैं। जिलाधीश प्रीति ने बताया कि भिवानी बोर्ड की उक्त परीक्षाओं को शांति पूर्ण व नकल रहित आयोजित करने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश दिए हैं कि जिला में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने व शांति बनाए रखने हेतु जनता का कोई भी प्रतिनिधि जिला में आयोजित विभिन्न परीक्षा केंद्रों के नजदीक न तो कोई जनसभा करेगा और न ही किसी स्थल पर चार या उससे अधिक व्यक्ति एकत्र होंगे।



**खास बातें**

- परीक्षा केंद्रों के पास आवश्यकता अनुसार पुलिस बल तैनात

### फोटोव्यवसाय पर रहेगा प्रतिबंध

जिलाधीश प्रीति ने बताया कि जारी आदेशो के अनुसार सभी परीक्षा केन्द्रों की सौ मीटर की परिधि में 25 फरवरी से एक अप्रैल तक परीक्षाओं के दौरान परीक्षा केन्द्रो के नजदीक फोटोस्टेट व्यवसाय पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके अलावा कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्रों के निकट हथियार जैसे अग्नि अस्त्र, तलवार (सिख समुदाय के प्रतीक कृपाण को छोडकÞर) बरछा, भाला, लाठी, चाकू व अन्य किस्म के हथियार आदि लेकर नहीं चल सकता। यह आदेश पुलिस व अन्य सरकारी कर्मचारी जो ड्यूटी पर तैनात होंगे पर लागू नहीं होगे। इन आदेशों की उल्लंघनकर्ता भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत दंड के पात्र होंगे।

## खबर संक्षेप

### तीन छात्राओं की पेंटिंग्स कैलेंडर में शामिल

**करनाल।** दयाल सिंह पब्लिक स्कूल की आराध्या चौहान (छठी), कनिष्का (छठी) एवं तोशन अरोड़ा (सातवीं) ने 94.5 माय एफएम द्वारा आयोजित 'माय एफएम रंगरेज' प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य सुषमा देवगन ने विद्यार्थियों को ट्रॉफी व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

### कार्यक्रम के जरिए शिक्षा और सहयोग का संदेश

**करनाल।** कलवेहड़ी स्थित बाबा राम दास विद्यापीठ स्कूल में 'हम मिलकर कर सकते हैं' विषय पर एक विशेष और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से नर्सरी से कक्षा दो तक के नन्हे विद्यार्थियों के लिए तैयार किया गया था। शिक्षकों और अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई।

### श्री श्याम महोत्सव में उमड़ा भक्ति का सैलाब

**करनाल।** श्री श्याम सलोना कीर्तन मंडल की ओर से पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में आयोजित 'श्री श्याम फाल्गुण महोत्सव' अपनी पूरी भव्यता के साथ जारी है। 12 दिवसीय इस महोत्सव के छठे दिन मंदिर परिसर में अटूट आस्था और उत्साह का नजारा देखने को मिला। पावन जोत प्रज्जवलित करने के साथ ही संकीर्तन की मंगलमय शुरुआत हुई। प्रसिद्ध गायक श्रवण राज और सागर संधु ने जब अपनी मधुर वाणी में बाबा के भजनों की प्रस्तुति दी, तो पूरा पंडाल भक्ति रस में सराबोर हो गया। 'हारे के सहारे', 'जय श्री श्याम' और 'बाबा जब भी जिसने तेरा नाम पुकारा है' जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो गए। महोत्सव उन श्रद्धालुओं के लिए एक वरदान साबित हो रहा है।

### समस्याओं के त्वरित समाधान के आदेश

**करनाल।** महापौर रेनू बाला गुप्ता ने मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में जनता की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को उनके निवारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान मेयर ने स्पष्ट किया कि सड़कों के गड्ढे भरने, सीवरेज चोक, स्ट्रीट लाइट और प्रॉपर्टी आईडी जैसे मामलों में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### चौकीदारों ने दफ्तर के बाहर प्रदर्शन किया

**करनाल।** जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक विभाग के विभिन्न सेंटरों पर पहरेदारी करने वाले चौकीदारों का धैर्य जवाब दे गया है. वेतन न मिलने से परेशान होकर कर्मचारियों ने दफ्तर के बाहर जोरदार नारेबाजी और प्रदर्शन किया. कर्मचारियों का आरोप है कि पिछले कई महीनों से उन्हें सैलरी नहीं दी गई है।

### अंतर-कॉलेज भाषण प्रतियोगिता आज

**करनाल।** गुरु तेग बहादुर एजुकेशनल ट्रस्ट करनाल द्वारा 25 फरवरी को अंतर-कालेज भाषण प्रतियोगिता होगी। कार्यक्रम गुरु नानक खालसा कालेज करनाल में होगा। चेयरमैन एवं पूर्व प्राचार्य प्रो. एस.एस. बरगोटा ने बताया कि प्रतियोगिता गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस और ट्रस्ट की रजत जयंती के उपलक्ष्य में होगी।

---

### जिला नगर योजनाकार विभाग का पीला पंजा चला

# निसिंग : दो अवैध कॉलोनियों में निर्माणों को किया ध्वस्त

इ्यूटी मजिस्ट्रेट और भारी पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



जिला नगर योजनाकार करनाल की टीम ने मंगलवार को पुलिस बल के सहयोग से निसिंग क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। ड्यूटी मजिस्ट्रेट और भारी पुलिस बल की मौजूदगी में टीम ने दो अलग-अलग स्थानों पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों में जमकर तोड़फोड़ की और अवैध निर्माणों को जमींदोज कर दिया.

#### ऐसे हुई कार्रवाई

गोंदर रोड पर कार्रवाई: पहली कार्रवाई गोंदर रोड स्थित करीब 10 एकड़ में फैली अवैध कॉलोनी पर हुई। यहाँ टीम ने 7 निर्माणाधीन मकानों, चारदीवारी, सीवरेज नेटवर्क और कच्ची सड़कों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। जिला नगर योजनाकार ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि अवैध कॉलोनियों और निर्माणों के खिलाफ एफआईआर (FIR) दर्ज कराई जा रही है। विभाग ने आम जनता से अपील की है कि वे डीलरों के जाल में न फंसें और केवल वैध कॉलोनियों में ही प्लॉट खरीदें। डीलरों को भी हिदायत दी गई है कि वे टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से लाइसेंस लेकर ही कॉलोनी विकसित करें।

#### कप्तान कॉलोनी के पीछे एक्शन

दूसरी कार्रवाई कप्तान कॉलोनी के पीछे करीब 2 एकड़ में काटी जा रही कॉलोनी पर की गई। यहाँ प्लाटों की निशानदेही, डीपीसी और सभी कच्ची सड़कों को तोड़ दिया गया।

---

# सिविल सर्जन कार्यालय पर २६ को प्रदर्शन

- आभा आईडी, ऑनलाइन कार्य व भुगतान को लेकर आशा वर्कर्स में रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



करनाल। प्रदर्शन की रणनीति बनाती आशा वर्कर्स। फोटो: हरिभूमि

आशा वर्कर यूनियन ने 26 फरवरी को सिविल सर्जन कार्यालय पर प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। सीटू कार्यालय में जिला प्रधान नीरू की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसका संचालन जिला सचिव सुदेश रानी ने किया। बैठक में नीरू, सुदेश व कविता ने कहा कि आशा वर्करों से बिना भुगतान आभा आईडी बनवाई जा रही है और ऑनलाइन कार्य का दबाव डाला जा रहा है। यूनियन ने आरोप लगाया कि कई बार मांगपत्र देने के बावजूद सिविल सर्जन करनाल द्वारा वार्ता का समय नहीं दिया गया। बैठक में कविता, नीरू, सुदेश, निशा, दया, पूनम, रूपा सैनी, सीमा, मोनिका, जितेंद्र कौर, लक्ष्मी, निर्मला, रोशनी, गुरमीत, सुरेशो, सलोचना व रेखा उपस्थित रहीं।

#### जिले की सैकड़ों आशा वर्कर्स भाग लेंगी

*डायरेक्टर पंचकूला के साथ हुए समझौते के बावजूद हड़ताल अवधि का भुगतान नहीं किया गया। 26 फरवरी के प्रदर्शन में करनाल जिले की सैकड़ों आशा वर्कर भाग लेंगी।*

### नेत्र शिविर में 8 मरीजों के होंगे मुफ्त ऑपरेशन

**करनाल।** करनाल मानव सेवा संघ के प्रांगण में अर्पणा ट्रस्ट मधुबन के सहयोग से मासिक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हड्डी रोग, स्त्री रोग, सामान्य सर्जरी और नेत्र विशेषज्ञों ने लगभग 60 रोगियों की निशुल्क जांच की और उन्हें दवाइयां प्रदान कीं। इस दौरान नेत्र विभाग के डॉक्टरों ने 8 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया। इन सभी मरीजों को अर्पणा ट्रस्ट मधुबन ले जाया जाएगा, जहां उनके निशुल्क लेंस प्रत्यारोपण और ऑपरेशन किए जाएंगे। डॉ. भगत राम खण्डवाल ने जानकारी दी कि हर माह की 23 तारीख को यह शिविर लगाया जाता है।

# रिहैबिलिटेशन साइकोलॉजी के लिए इग्नू ने खोला पोर्टल

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

**गहन प्रशिक्षण देने के लिए तैयार किया**

इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) ने जुलाई 2026 सत्र के लिए रिहैबिलिटेशन साइकोलॉजी में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा (एंट्रेंस टेस्ट) के ऑनलाइन पंजीकरण की घोषणा कर दी है। इग्नू के करनाल क्षेत्रीय केंद्र के निदेशक डॉ. धर्मपाल ने बताया कि स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज द्वारा शुरू किया गया यह नवाचारी कार्यक्रम रिहैबिलिटेशन साइकोलॉजी के क्षेत्र में कुशल पेशेवरों को तैयार करने के उद्देश्य से बनाया गया है। यह कार्यक्रम विशेष रूप से जीवन के विभिन्न चरणों में दिव्यांगता का सामना कर रहे व्यक्तियों के आकलन, हस्तक्षेप और सहायता के लिए सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक विशेषज्ञता प्रदान करता है। पीजीडीआरपीसी को डिसेबिलिटी असेसमेंट, साइकोसोशल इशू, रिहैबिलिटेशन काउंसलिंग जैसे विषयों में प्रशिक्षण देने के लिए तैयार किया गया है।

---

# कांग्रेस सेवादल कार्यकारिणी का विस्तार

- सुखबीर सिंह व राजपाल सिंह को मिली नई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



**ये रहे उपस्थित**

इस मौके पर महिला जिला प्रधान हरदीप कौर, महासचिव जसबीर पन्नु, जिला महासचिव गुरमीत सिंह, प्रदेश संगठन सचिव ईशम सिंह चौहान, महिला प्रदेश महासचिव सुनीता रानी, मीडिया प्रभारी सुनील शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कांग्रेस सेवादल ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया है। इसी कड़ी में दो अनुभवी नेताओं को महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त किया गया है। दो बार पार्षद रह चुके वरिष्ठ नेता सुखबीर सिंह को जिला वरिष्ठ उपप्रधान की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि राजपाल सिंह को ब्लॉक करनाल का प्रधान नियुक्त किया गया है। सेवादल की प्रदेश अध्यक्ष पूनम चौहान, प्रदेश सचिव बलजीत चौहान और जिला अध्यक्ष अनिल शर्मा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को विधिवत नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों नवनियुक्त पदाधिकारी कांग्रेस की नीतियों और सेवादल के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

सुखबीर सिंह और राजपाल सिंह ने कहा कि वे संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

### एआई-संचालित व्यावसायिक अवसर प्लेटफॉर्म शुरू

**करनाल।** प्रोजेक्ट्स टुडे ने भारत के परियोजना इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए एआई-संचालित व्यावसायिक अवसर प्लेटफॉर्म का अनावरण किया। यह नया प्लेटफॉर्म परियोजना जीवनचक्र संदर्भ, निविदाएं और एल1/आदेश अपडेट, तथा हितधारकों की जानकारी को एक सुविधाजनक कार्यप्रणाली में एकीकृत करता है जिससे संगठनों को सही समय पर सही परियोजनाओं से जुड़ने में मदद मिलती है। उन्नत प्लेटफॉर्म व्यावहारिक परिणामों पर केंद्रित एआई-सक्षम विकास प्रस्तुत करता है, जिसमें बीओक्यू खोज, उप-परियोजना ट्रैकिंग, निविदा से आदेश तक की यात्रा की विजिबिलिटी, बोलीदाता और भागीदारी अंतर्दृष्टि, आदि शामिल हैं।

# ऋण आवेदनों के निपटान के निर्देश

- एडीसी योगेश कुमार ने ली बैंकर्स समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में अतिरिक्त उपायुक्त योगेश कुमार की अध्यक्षता में जिला बैंकर्स समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक के उपमहाप्रबंधक केवल किशन, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक हिमांशु खत्री और अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) सुशील कुमार हन्दुजा ने एडीसी का स्वागत किया और एजेंडे के अनुसार विभिन्न मुद्दों को पटल पर रखा। एडीसी योगेश कुमार ने बैंकों की सुरक्षा पर कड़ा रुख अपनाते हुए निर्देश दिए कि सभी बैंक शाखाओं में सीसीटीवी कैमरे वर्किंग कंडीशन में होने चाहिए और उनका डाटा सुरक्षित रखा जाए। डीएसपी राजीव कुमार ने पुलिस सुरक्षा का भरोसा देते हुए सुझाव दिया कि एटीएम के बाहरी हिस्सों को भी कैमरों की जद में लाया जाए। इसके अतिरिक्त, एडीसी ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा स्कीम, पीएमईजीपी और अन्य सरकारी ऋण योजनाओं के लंबित आवेदनों का निपटान बिना किसी अनावश्यक देरी के किया जाए। उन्होंने 31 मार्च 2026 तक चलने वाले 'सोशल सुरक्षा संतृप्ति अभियान' के तहत हर गांव में कैंप लगाकर लोगों को बीमा योजनाओं से जोड़ने को कहा। एलडीएम सुशील हन्दुजा ने बताया कि जिले के 395 गांवों में बैंकिंग सेवाएं और साइबर अपराध जागरूकता हेतु शिविर लगाए जा रहे हैं।

---

# मूनक में पीएचसी का निर्माण कार्य जल्द पूरा हो : राणा



हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

- बजट सत्र में उठाया मुद्दा, मंत्री आरती सिंह राव ने दिया आश्वासन

हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में विधायक योगेंद्र राणा ने असंध क्षेत्र के गांव मूनक में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) के रुके हुए निर्माण कार्य का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि पानीपत रिफाइनरी के नजदीक होने के कारण यहां पीएचसी की आवश्यकता और बढ़ जाती है, ताकि दुर्घटना व आपातकालीन स्थिति में लोगों को त्वरित उपचार मिल सके। कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि निर्माण कार्य विभागीय कारणों से प्रभावित हुआ था, लेकिन इसे जल्द पूरा किया जाएगा।

# छात्राओं को किया जागरूक

- केवीए डीएवी महिला महाविद्यालय में सेमिनार कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल




स्थानीय कुमारी विद्यावती आनंद डी.ए.वी. महिला महाविद्यालय, करनाल में छात्राओं के सर्वांगीण विकास और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना जागृत करने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम महाविद्यालय के नशा मुक्ति जागरूकता प्रकोष्ठ तथा पासपोर्ट एवं लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस सेमिनार का मुख्य विषय "जागरूकता: नशा मुक्ति, कुत्तों के काटने से बचाव और ड्राइविंग लाइसेंस" रखा गया। मुख्य उद्देश्य छात्राओं को नशा दुरुपयोग के घातक दुष्प्रभावों, आवारा कुत्तों व डॉग बाइट से बचाव के सटीक उपायों तथा लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया, यातायात नियमों और कानूनी जिम्मेदारियों के प्रति सजग करना था।

#### जिम्मेदार निर्णय लेने की जरूरत पर बल

प्राचार्या मीनू शर्मा ने युवाओं में अनुशासन और जिम्मेदार निर्णय लेने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल करियर निर्माण नहीं, बल्कि उत्तम चरित्र और सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन भी है। एएसआई श्री अजय कुमार ने नशे की लत के स्वास्थ्य, परिवार और समाज पर पड़ने वाले गंभीर प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने कुत्तों के हमले से बचाव के तरीके और ड्राइविंग लाइसेंस की बारीकियों को समझाया। सिटी ट्रैफिक पुलिस से पधारे सतबीर जी ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

# पुस्तक इलेक्ट्रॉनिक्स का किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭इंद्री

**कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम पर आधारित**



इंद्री। पुस्तक का विमोचन करते महाविद्यालय के प्रोफेसर।

शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ महेंद्र सिंह बागी की अध्यक्षता में भौतिकी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ एस. बी. भारद्वाज के द्वारा नई शिक्षा नीति (2020) पर निर्धारित छठे सेमेस्टर के पाठ्यक्रम पर आधारित लिखित पुस्तक इलेक्ट्रॉनिक्स का विमोचन किया गया। डॉ भारद्वाज के 50 से अधिक शोध पत्र लगभग विभिन्न नेशनल व इंटरनेशनल पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं और उन्होंने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित संगोष्ठियों में विभिन्न शोध पत्रों का वाचन भी किया है। सन् 2021 से डॉ भारद्वाज शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय इंद्री में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है। विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए पुस्तक को सरल एवं सुगम तरीके से लिखने का एक सफल प्रयास किया गया है।

---

# जोगध्यान की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

**मानव सेवा संघ के पूर्व मंत्री थे जोगध्यान**



करनाल मानव सेवा संघ के पूर्व मंत्री जोगध्यान बिंदलीस की पुण्यतिथि के अवसर पर संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उनके चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी समाज सेवा की विरासत को याद किया गया। उनकी स्मृति में डॉ. बीके ठाकुर अस्पताल के सहयोग से एक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में रोगियों की जांच की गई और मुफ्त दवाइयां वितरित की गईं। डॉ. भगत राम खण्डवाल एडवोकेट ने बताया कि डॉ. जोगध्यान बिंदलीस लंबे समय तक संघ के मंत्री रहे और स्वामी शरणानंद जी महाराज की विचारधारा के प्रति पूर्ण समर्पित थे। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी सावित्री बिंदलीस, विकास बिंदलीस, स्वामी प्रेम मूर्ति, रामलाल गुप्ता और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि बिंदलीस जी का सेवाभावी व्यक्तित्व सदैव प्रेरणा देता रहेगा।

### छात्रों के बनाए मॉडलों की प्रदर्शनी सराहनीय : गर्ग

**नीलोखेड़ी।** एसडीएमएन विद्या मंदिर में आज साइंस के विभिन्न माडलों की प्रदर्शनी लगाकर प्रदर्शित कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।सांईस प्रदर्शनी में 500से ज्यादा छात्रों ने शामिल होकर सैंकडों माडल प्रस्तुत किए।

इनका अवलोकन करने के लिए अभिभावक भी उपस्थित हो बच्चों की प्रतिभा देखकर स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।स्कूल की शिक्षा समिति के महासचिव एवं मार्केट कमेटी के चेयरमैन शिव नाथ कपूर ने प्रदर्शनी के दौरान विशेषकर प्रधानमंत्री मोदी के 2047 को विकसित भारत का माडल, पर्यावरण, ए आई ,नेत्रविहीन लोगों के लिए संकेतिक स्टीक एवं खेतों में पशुओं द्वारा फसल नुकसान से बचने के उपाय संबंधी माडलों की सराहना की।

---

**धर्म-कर्म** | रोड भवन में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ पर कथा का तीसरा दिन

# अपने परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य और संयम की बेहद आवश्यकता : आरती किशोरी

- श्रद्धालुओं को शिव चरित्र एवं ध्रुव चरित्र का मार्मिक प्रसंग सुनाकर भाव-विभोर कर दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭तरावड़ी




तरावड़ी। व्यास पीठ विराजमान कथा वर्णन करती कथा व्यास आरती किशोरी व कथा सुनते हुए श्रद्धालु महिलाएं व पुरुष फोटो: हरिभूमि

तरावड़ी नगर पालिका रोड स्थित रोड भवन में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ के पावन अवसर पर कथा के तीसरे दिन कथा व्यास आरती किशोरी, श्रीधाम वृंदावन ने श्रद्धालुओं को शिव चरित्र एवं ध्रुव चरित्र का मार्मिक प्रसंग सुनाकर भाव-विभोर कर दिया। भक्ति रस में डूबकर भगवान का गुणगान किया। कथा व्यास किशोरी ने कहा कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे है वहां आपका, अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान हो। यदि ऐसा होने की आशंका हो तो उस स्थान पर जाना नहीं चाहिए। चाहे वह स्थान अपने जन्मदाता पिता का ही घर क्यों हो।

#### ये रहे मौजूद

पाप के बाद कोई व्यक्ति नरकगामी हो, इसके लिए श्रीमद् भागवत में श्रेष्ठ उपाय प्रायश्चित बताया है। अजामिल उपाख्यान के माध्यम से इस बात को विस्तार से समझाया गया। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने हर हर महादेव और राधे-राधे के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर कथा आयोजक संजय बंसल, मांगे राम बंसल, रिशी बंसल, प्रदीप बंसल, अनिरुद्ध बंसल, मंथन बंसल, सुरेंद्र बंसल, अशोक बंसल, सुशील कुमार गुप्ता, वेद सलूजा, पूर्व विधायक धर्मपाल गोंदर, विरेन्द्र बंसल, रोशन लाल गुप्ता, बृजमोहन गर्ग, प्रदीप गुप्ता, राकेश गर्ग, रूपिन्द्र मिश्रा, हंसराज पाहुजा, यशपाल शर्मा, रंजीत भारद्वाज, शीशपाल गुप्ता, संदीप गुप्ता, विपिन छाबड़ा, अशोक गोयल आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने मोबाइल स्केचर गिरफ्तार किया

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने पीपल वाली गली में गुप्ता फैक्टरी के पास श्रमिक के मोबाइल स्नेचिंग की वारदात में शामिल फरार चौथे आरोपी साजिद निवासी बलजीत नगर को गिरफ्तार किया है। वहीं, थानेदार फूल कुमार ने बताया कि साजिद पर थाना औद्योगिक सेक्टर 29, थाना चांदनी बाग व थाना सदर में पहले से अभियोग दर्ज है। आरोपियों ने पूछताछ में उक्त वारदातें बलजीत नगर निवासी अपने साथी आरोपी दिलशाद व साजिद के साथ मिलकर करना स्वीकारा था। पुलिस ने आरोपी साहिल व कर्ण के कब्जे से 1 बाइक, 1 एक्टिवा व 6 फोन बरामद कर चुकी है।

### पुलिस ने गोवंश हत्यारोपी पकड़ा

**पानीपत।** पानीपत के गांव पत्थरगढ़ के खेतों में बेसहारा गोवंश की हत्या कर मांस काटने मामले में सीआईए टू पुलिस टीम ने सोमवार को तीसरे आरोपी गढ़ी बेसिक निवासी बंटी उर्फ मुरसलीन को गिरफ्तार किया है। इस मामले में थाना सनौली में पत्थरगढ़ गांव निवासी उद्यम सिंह, कुलदीप, राजेश व नरेंद्र की शिकायत पर केस दर्ज है।

### फादर्स प्राइड प्लेवे का वार्षिक उत्सव मनाया

**पानीपत।** फादर्स प्राइड प्लेवे का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें नन्हें मुन्ने विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन संजीव परूथी व प्रिंसिपल गीतू परुथी ने विद्यार्थियों के पुरस्कृत किया। इस अवसर पर सीमाय पूजा, अनु, सुनैना, संजना, कोमल, साक्षी, अमृत, माही, वैशाली, खुशप्रीत, अंजना, अमन, दीपिका, दीप्ति, रुचि, बेबी, सोनिया, नीतू आदि उपस्थित रहे।

### तीन द्विवसीय फाल्गुन महोत्सव 26 से

**समालखा।** कथा प्रवक्ता दीदी श्याम जी द्वारा तीन द्विवसीय फाल्गुन महोत्सव महायज्ञ तीन बाण धारी गौ सेवा ट्रस्ट समालखा एवं मोरबी नंदन सेवा समिति चुलकाना धाम द्वारा 26 से 28 फरवरी तक मनाया जाएगा। सेवक सेठपाल छौक्कर ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि विधायक समालखा मनमोहन सिंह भड़ाना, शशिकांत कौशिक, रामबीर भाटी, सुदेश कटारिया, जजपा नेता देवेन्द्र कादियान, सुनीता मान आदि शिरकत करेंगे।

### जिला परिषद चेयरपर्सन ज्योति शर्मा शपथ लेगी

**पानीपत।** श्याम कमल भाजपा जिला कार्यालय में जिला स्तरीय पार्टी पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की। बैठक में सुनील कंसल, संजय त्यागी, भावना जैन आदि उपस्थित रहे। इधर, भट्ट ने बताया कि जिला परिषद चेयरपर्सन ज्योति शर्मा, बुधवार को जिला सचिवालय में पद शपथ लेगी। इस कार्यक्रम में बडी संख्या में भाजपाजन शिरकत करेंगे।

### करिकुलम विटे में कृतिका प्रथम

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में वाणिज्य व प्रबंधन विभाग में एमकॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए प्रो.राजेश बाला के निर्देशन में करिकुलम विटे प्रतियोगिता हुई। जिसमें कृतिका प्रथम, दिया जैन द्वितीय, राजीव व विधि तृतीय रही। विजेताओं को प्राचार्या डॉ शशि प्रभा मलिक ने पुरस्कृत किया।

### होली उत्सव एक मार्च को श्री देवी मंदिर में

**पानीपत।** इलेक्ट्रिकल ट्रेडर्स एसोसिएशन की वर्किंग कमेटी की बैठक प्रधान नरेंद्र जैन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में महासचिव योगेश गोयल, उप-प्रधान सूरज बत्रा व नरेंद्र गांधी, सह सचिव अमित शर्मा ने बताया कि होली उत्सव एक मार्च को श्री देवी मंदिर में आयोजित होगा। जिसमें अतिथि विजय जैन राजेश गर्ग शिरकत करेंगे।

### युवक ने सुसाइड किया

**पानीपत।** पानीपत के गांव खुखराना के आंगनबाडी केंद्र में 26 वर्षीय दीवांशु गौतम का शव फंदे पर लटका मिला। मृतक मूल रूप से बुद्ध नगर, संभल, उत्तर प्रदेश का निवासी है।

---

### दिशाएं फेस्ट-2026 में प्रदेश भर के 15 कॉलेजों की टीमों ने भाग लिया

# देश की दशा व दिशा बदलने में सक्षम हैं भारतीय युवा: डॉ. गुप्ता



■ आर्य कॉलेज ने जीती चांदी की ओवरऑल ट्रॉफी

पानीपत। आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आर्य पीजी कॉलेज में शुक्रवार को वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में आर्य महाविद्यालय प्रबंधक समिति के संस्थापक सदस्य ओपी शिंगला की स्मृति में प्रदेश स्तरीय शैक्षणिक कार्यक्रम दिशाएं-2026 का जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर ओपी शिंगला के पुत्र दीपक सिंगला पहुंचे। वहीं, दिशाएं फेस्ट के तहत आयोजित प्रतियोगितओं में प्रदेश भर के 15 कॉलेजों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इधर, डॉ. जगदीश गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि दिशाएं कार्यक्रम आर्य महाविद्यालय की पहचान बन चुका है। वहीं, युवा वर्ग देश की दशा व दिशा बदलने की क्षमता रखता है। वहीं, भाषण देने में आर्य कॉलेज प्रथम,जीवीएम कॉलेज, सोनीपत द्वितीय, गीता लॉ कॉलेज तृतीय रहे। जबकि राजकीय कॉलेज, कैथल व एसडी कॉलेज, पानीपत को सांत्वना पुरस्कार मिला। ऐड-मेड शो प्रतियोगिता में आर्य कॉलेज प्रथम, जीवीएम एम कॉलेज, सोनीपत द्वितीय, आरकेएसडी कॉलेज, कैथल ने तृतीय रहे। पोस्टर मेकिंग में आर्य कॉलेज, पानीपत प्रथम, जीवीएम गर्ल्ज कॉलेज, सोनीपत द्वितीय, आरकेएसडी कॉलेज, कैथल तृतीय रहे। क्विज में एसडी कॉलेज,पानीपत प्रथम, आर्य कॉलेज द्वितीय व जीवीएम गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत तृतीय रहे। विजेताओं को नगदी देकर पुरस्कृत किया गया।

# इनसो ने गीता यूनिवर्सिटी के खिलाफ खोला मोर्चा

■ हॉस्टल की रसोई में हुई आगजनी हादसे की उच्च स्तरीय जांच की मांग



इनसो नेता बलराज देशवाल व राजेंद्र जैलदार, तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

जजपा के छात्र संगठन इंडियन नेशनल स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन (इनसो) के छात्र नेता बलराज देशवाल व राजेंद्र जैलदार ने गीता यूनिवर्सिटी नौल्था पानीपत के हॉस्टल की रसोई में हुई आगजनी हादसे की उच्च स्तरीय जांच व यूनिवर्सिटी प्रशासन पर सुरक्षा के मापदंडों की पालना नहीं करने, सैकडों विद्यार्थियों की जान खतरे में डालने का आरोप लगाते हुए सख्त कार्यवाही की मांग की। इनसो नेताओं ने तहसलीदार मनोज कुमार को जिला उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया के के नाम ज्ञापन सौंपा। बलराज व राजेंद्र ने गीता यूनिवर्सिटी में हुई आगजनी की घटना से विद्यार्थियों व उनके परिजनों में चिंता है। यह हादसा नहीं यूनिवर्सिटी परिसर में सुरक्षा व्यवस्था व अग्नि सुरक्षा मानकों के पालन पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। यह घटना भविष्य के लिए एक बड़ी चेतावनी है। इस अवसर पर पंकज कुमार, दिनेश शर्मा, रजत, सतीश राठी, गगन वर्मा, हार्दिक तंवर, अमित, सांतनु गर्ग आदि उपस्थित रहे।

### पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**पानीपत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सिवाह में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। जिसमें जिला स्वास्थ्य विभाग, जिला महिला एवं बाल विकास विभाग, पानीपत, जिला शिक्षा विभाग और एमडीडी ऑफ इंडिया गैर सरकारी संगठन के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-कम-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वर्षा शर्मा द्वारा विद्यालय परिसर में पौधरोपण करके की गई। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और हरित संदेश का महत्व बताते हुए विद्यार्थियों और उपस्थित लोगों से इस दिशा में योगदान देने का आह्वान किया।

### परीक्षाओं को लेकर सख्त हुआ प्रशासन

**पानीपत।** जिलाधीश डॉ. वीरेंद्र दहिया ने डीएलएड एवं बोर्ड परीक्षाओं को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन कराने के लिए सुरक्षा निर्देश जारी किए हैं। बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन हरियाणा द्वारा आयोजित डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष (नियमित/पुनः परीक्षा) तथा माध्यमिक/वरिष्ठ माध्यमिक (शैक्षणिक/मुक्त विद्यालय) परीक्षाएं 25 फरवरी से एक अप्रैल 2026 तक जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होंगी। वहीं, परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में आमजन के जाने व परीक्षा के दौरान फोटो स्टेट की दुकानों को बंद रखने के निर्देश दिए है।

# भाजपा नेता ने सड़क पर पड़े मिले एक लाख रुपये लौटाए

**पानीपत।** भाजपा के वरिष्ठ नेता चेतन तनेजा को अपने कार्यालय की और जाते समय सड़क पर रुपये पड़े मिले। गिनती करने पर रूपयों की संख्या एक लाख मिली। इधर, चेतन ने रूपयों के मालिक की तलाश की, लेकिन पता नहीं चला। इधर, चेतन तनेजा ने मदद सेवा सोसायटी से विक्की बत्रा के सहयोग से रूपयों की असली मालिक की तलाश सोशल मीडिया के माध्यम से शुरू की। वहीं, मंगलवार को हुडा सेक्टर 12 के निवासी कारोबारी नीरज सिंगला ने चेतन तनेज से संपर्क कर दावा किया कि एक लाख रुपये की नकदी उनकी है। साक्ष्य दिए जाने पर चेतन तनेजा ने एक लाख रुपये की नकदी नीरज सिंगला को लौटा कर स्वयं को समाज में जिम्मेदार नागरिक व समाजसेवी होने का संदेश दिया।



पानीपत। भाजपा नेता चेतन तनेज, उद्यमी नीरज सिंगला को एक लाख रूपये लौटाते हुए। फोटो : हरिभूमि

# हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग ने जनसुनवाई की




पानीपत। हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग के अध्यक्ष नंद लाल शर्मा जनसुवाई करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) के अध्यक्ष नंद लाल शर्मा ने कहा कि बिजली क्षेत्र में कार्यकुशलता में वृद्धि, लागत में कमी और सेवा गुणवत्ता में गुणात्मक सुधार समय की आवश्यकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बिजली की आवश्यकता का सटीक पूर्वानुमान लगाकर सस्ती बिजली की खरीद सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि उपभोक्ताओं को विश्वसनीय और किफायती सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि आयोग उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं देने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। शर्मा पानीपत के स्काईलार्क में जनसुनवाई कर रहे थे। यह जनसुनवाई उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 के लिए एचईआरसी में दायर याचिका के संदर्भ में आयोजित की गई थी। इस अवसर पर आयोग के सदस्य मुकेश गर्ग एवं शिव कुमार, एचईआरसी के सचिव प्रशांत देष्टा, यूएचबीवीएन के निदेशक अनिल कुमार यादव, एसई धर्म सुहाग, एसई पुनित कुंडू, आयोग के उप निदेशक (मीडिया) प्रदीप मलिक सहित आयोग एवं निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# बुजुर्ग हमारी धरोहर, सभी सम्मान करें: डॉ. अनुपम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



■ रेडक्रॉस कैंप को डॉ. अनुपम अरोड़ा ने किया संबोधन

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में आयोजित पांच दिवसीय जिला स्तरीय यूथ रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन विभिन्न विषयों के पारंगत विद्वानों ने अपने अनुभव और ज्ञान को वा ई आ र सी कार्यकर्ताओं के साथ साझा किया। दूसरे दिन की विधिवत शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई जिसे द्वितीय दिन के मुख्य अतिथि डॉ. अनुपम अरोड़ा ने फहराया। तत्पश्चात बलवान कौशिक सामाजिक कार्यकर्ता एवं योग प्रशिक्षक, नीलिमा पॉल योग विशेषज्ञ जिला आयुर्वेद कार्यालय पानीपत, एएसआई करमबीर शर्मा ट्रेफिक पुलिस बाबरपुर थाना, डॉ. सोनू सिंह निदेशक आरसीआईटी पानीपत, प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने अपने प्रारंगत विषयों और अनुभव को कार्यकर्ताओं और काउंसलरस के साथ बांटा। दूसरे दिन योग और ध्यान, सड़क सुरक्षा और ट्रेफिक के नियम, महिला सशक्तिकरण और बच्चों के अधिकार एवं पोस्को कानून, संतुलित भोजन और कुपोषण तथा मोबाइल और इसका दुरूपयोग जैसे विषयों पर केन्द्रित रहा। इधर, प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि वृद्ध और बड़े लोगों की सेवा और सम्मान करने से बड़ा पुनीत कार्य कोई नहीं है। हर युवा को चाहिए कि वह इसे अपने चरित्र और व्यवहार का हिस्सा बनाए।

# सुरक्षित, व्यवस्थित व आदर्श पानीपत हमारा लक्ष्य

■ उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बैठक में संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत




पानीपत। डीसी व एसपी सड़क सुरक्षा समिति एवं सुरक्षित स्कूल वाहन नीति पर बैठक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

जिला सचिवालय सभागार में मंगलवार को उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया के नेतृत्व में जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं सुरक्षित स्कूल वाहन नीति पर बैठक हुई। डीसी डॉ. दहिया ने बैठक में कहा कि हमारा लक्ष्य केवल यातायात नियंत्रित करना नहीं, बल्कि पानीपत को एक सुरक्षित, व्यवस्थित और आदर्श शहर के रूप में विकसित करना है। उन्होंने कहा कि पानीपत में फ्लाईओवर के नीचे ई-रिक्शा पार्किंग विकसित की जाए और इसके लिए 200 रुपये शुल्क निर्धारित होगा। इससे अव्यवस्थित खड़ीकरण पर रोक लगेगी और यातायात जाम की समस्या में राहत मिलेगी। गुलाबी ऑटो सेवा को बढ़ावा देते हुए 26 महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। इनके लिए विशेष शिविर लगाकर लाइसेंस जारी करने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए गए। वहीं, एनएचआई के सहयोग से जीटी रोड पर छह स्थानों पर कैमरे लगाने व आवश्यक चौड़ीकरण कार्य होगा। फ्लाईओवर के ऊपर प्रबलित सीमेंट कंक्रीट अवरोधक लगाने की अनुमति मुख्यालय से मिल चुकी है। इधर, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने बताया कि बरसत मार्ग के कट को खुलवाने, अनाज मंडी से दिल्ली की ओर जाने के लिए ऊपर चढ़ने के मार्ग तथा अन्य संवेदनशील बिंदुओं पर सुरक्षा परीक्षण करवाया जा रहा है, जिससे वैज्ञानिक आधार पर निर्णय लिए जा सकें।

# दिव्य ज्योति जागृति संस्था ने नशा विरोधी रैली निकाली

■ नशे की लत व्यक्ति को आत्म नियंत्रण से दूर कर देती है उसे विनाश की ओर ले जाती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। दिव्य ज्योति जागृति संस्थान नशा विरोधी जागरूकता रैली निकालते हुए।

नशा, सामाजिक, आर्थिक व शारीरिक बुराई है जो व्यक्ति के शरीर मन और समाज को बुरी तरह प्रभावित करती है। नशे की लत व्यक्ति को आत्म नियंत्रण से दूर कर देती है उसे विनाश की ओर ले जाती है। इसके मद्देनजर नागरिकों के नशे की लत से दूर रहना चाहिए। यदि नशे की लत का शिकार हो गया है तो पुलिस के सहयोग से राजकीय अस्पतालों में उपचार करवाना चाहिए। उपरोक्त बातें दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के पदाधिकारियों कही। वहीं उन्होंने कहा कि नशा बेचने वालों की जानकारी पुलिस को दें, तभी नशे के सौदागरों की नकेस कसी जाएगी। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में दीवान चंद मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने वधावा राम कालोनी में नशे के विरुद्ध जागरूकता रैली निकाली नागरिकों को मादक पदार्थों का त्याग करने की अपील की।

### एसडी कॉलेज के खिलाड़ियों ने केयू इंटर कॉलेज पेनचाक सिलाट में 13 मेडल जीते

# खिलाड़ी को सफलता की सीढ़ियां चढ़ाती है जीत: डॉ. अरोड़ा

### विजेता खिलाड़ियों का कॉलेज पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा के साथ विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत के खिलाड़ियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज पेनचाक सिलाट चैंपियनशिप में तीन गोल्ड मेडल समेत कुल तेरह मेडल जीत कर पानीपत का नाम रोशन किया है। प्राचार्या डॉ. अनुपम अरोड़ा ने बताया कि चरणजीत, कमल ने कांस्य, मोहित व प्रशांत ने स्वर्ण, निशांत ने रजत, थुंगल में प्रशांत ने रजत, गांडा में कमल, मोहित, तन्नु ने कांस्य व किरण ने स्वर्ण पदक जीते। जबकि रेगू में रितिका, प्रीती तानु ने कांस्य पदक हासिल जीते। इधर, विजेता खिलाड़ियों के कॉलेज पहुंचने पर प्रधान दिनेश गोयल, प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. सुशीला बेनीवाल, प्रो. नीलम, प्रो. आनंद, प्रो. अंकुश मलिकआदि ने जोरदार स्वागत किया। इधर, प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने जीत से खिलाड़ी जीवन में सफलता की सीढ़ियां चढ़ते है।

वहीं, इंटर-कॉलेज चैंपियनशिप प्रतिष्ठित प्रतियोगिता है और इसमें भाग लेना मात्र ही हर खिलाड़ी का स्वप्न होता है। उन्होंने कहा कि पेनचाक सिलाट खेल, शारीरिक युद्ध है जिसमें हमला, उठापटक, फेंकने के अलावा हथियारों का प्रयोग भी शामिल रहता है। इसका अभ्यास न केवल शारीरिक रक्षा के लिए बल्कि मनोवैज्ञानिक उद्देश्यों के लिए भी किया जाता है। इस अवसर पर डॉ. एसके वर्मा, डॉ. मुकेश पुनिया, दीपक मित्तल आदि मौजूद रहे।

# पानीपत के विकास के लिए वचनबद्ध हूं: विज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने मंगलवार को हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन विधानसभा में अपने संबोधन के दौरान पानीपत के विकास कार्यों एवं आगामी आवश्यकताओं को प्रमुखता से उठाया। विज ने पानीपत में चल रहे विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का आभार जताते हुए कहा कि पानीपत औद्योगिक नगरी है, जहां लाखों की संख्या में अन्य प्रदेशों से प्रवासी भाई रोजगार हेतु आते हैं, जिसके कारण शहर की अपनी कुछ विशेष समस्याएं हैं। वहीं, विज ने शहर के विकास हेतु कुछ महत्वपूर्ण मांगें भी रखीं, जिनमें एग्जीबिशन सेंटर, ज़ीरो लिक्विड डिस्चार्ज प्लांट, कॉमन बॉयलर, ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया की समस्याओं का समाधान, महिला कॉलेज, बायपास, एलिवेटेड बस स्टॉप, वकीलों के लिए अतिरिक्त चैंबर्स, यूएचबीवीएन के लिए नए कार्यालय का निर्माण तथा पानीपत नगर निगम कर्मचारियों के लिए आवासीय सुविधा शामिल हैं। पानीपत के विकास को वचनबद्ध हूं।

